**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथियां घोषित

**मण्डला।** जिला प्रशासन के निर्देशन में वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना' के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में किया जाएगा। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा तिथियों एवं स्थलों की जानकारी दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को जनपद पंचायत नैनपुर एवं नगर पालिका परिषद नैनपुर क्षेत्र में ग्राम पंचायत इन्द्री में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें लगभग 130 जोड़ों के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। इसी दिन जनपद पंचायत मवई में भी 70 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। 22 अप्रैल को निवास क्षेत्र के स्टेडियम ग्राउंड में जनपद पंचायत निवास, बीजाडांडी, नारायणगंज एवं नगर परिषद निवास के अंतर्गत लगभग 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा। 26 अप्रैल को मंडला, मोहगांव एवं बम्हनी बंजर क्षेत्र में संगम घाट महाराजपुर में लगभग 200 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। 29 अप्रैल को जनपद पंचायत बिछिया एवं नगर पंचायत बिछिया के रॉयल पेलेस मैरिज गार्डन ग्राम पंचायत देई में 130 तथा जनपद पंचायत घुघरी में 70 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी निर्धारित तिथियों में पात्र जोड़ों का पंजीयन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाए।

**38 करोड़ खर्च कर बांध से पानी लाने की थी योजना**

# राजनीति की भेंट चढ़ गई बांध परियोजनायें

### जल आपूर्ति कार्य भी हो गया रद्द।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

38 करोड़ की परियोजना मझगांव बांध से निवास पानी लाने की बनी थी जो राजनीति की भेंट चढ़ गई, करोंदी बांध परियोजना भी कई करोड़ों में स्वीकृत होकर कार्य शुरु हुआ लेकिन सम्बंधित निर्माण एजेंसी के भृष्ट रवैये से ज्यादा क्षेत्रीय नेताओं की उदासीनता के चलते जितना बांध निर्माण हुआ उससे ज्यादा यहाँ से खनिज सम्पदा वैध अवैध रूप से बेची गई, और अंततः समय सीमा के फलस्वरूप कार्य न होने से प्रशासन ने उक्त ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यह की इससे क्षेत्र के किसान व आम जनता को क्या हासिल हुआ।

वर्ष 2020-21 में निवास नगर के करोंदी वार्ड में बड़ा बांध बनाये जाने की जानकारी मिलते ही निवास से लेकर मनेरी बरेला तक के किसानों के चेहरे चमक उठे थे क्योंकि इस क्षेत्र में निवासरत किसानों को कृषि पैदावार बढ़ाने पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, साथ ही गर्मी के समय में पीने के पानी की भी परेशानी बढ़ जाती है। लिहाजा करोंदी बांध बन जाने से न सिर्फ किसानों को राहत मिलती बल्कि निवास से बरेला तक के आसपास के सैकड़ों गावों की जमीन का जल स्तर भी बढ़ जाता जिससे आमजनों के आर्थिक जीवन में भी अभूतपूर्व सुधार होने केयाथ पर्यावरण में भी काफी सुधार होता।





### निवास में पीने के पानी की समस्या होती दूर

जिस उद्देश्य के मद्देनजर ग्राम पंचायत मझगांव स्थित डेम से निवास की जनता को पीने का पानी मुहैया कराने परियोजना स्वीकृत हुई थी, वह भी राजनीति का शिकार हो गई और क्षदम चुनावी लाभ लेने पंचायत के प्रतिनिधियों ने पेसा अधिनियम का हवाला देते हुये ग्राम के बांध से पानी नहीं देने का प्रस्ताव पास कर दिया और निवास को उक्त जल आपूर्ति कार्य भी रद्द हो गया। जबकि इस कार्य से सम्बंधित बीस प्रतिशत कार्य किया जा चुका था, जगह जगह लोहे के पाइप गिराये जा चुके थे।

### नर्मदा से लिफ्ट जल योजना भी हुई फ्लॉप

बीते दस पंद्रह वर्षो के दरमियान उक्त जन मांग पर नेताओं की बयानबाजी में कमी नहीं आई वहीं समय समय पर ग्रामीण जनों के साथ निवास नगर की जनता आंदोलन प्रदर्शन कर मांग पुरी होने का ख्वाब देखती रह गई।

माँ नर्मदा नदी जो निवास से महज पंद्रह किलोमीटर दूर है, अगर यहाँ से लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से निवास क्षेत्र में जलापूर्ति कर दी जाती तो जनता को पीने के पानी के लिये किसी पंचायत के प्रस्ताव की आवश्यकता नहीं होती जैसा की मझगांव पंचायत ने विरोध जताया था।

### अमगांव पंचायत भी रोक लगाई तब क्या होगा

मझगांव पंचायत द्वारा निवास को जल नहीं दिये जाने के प्रस्ताव के बाद मिशन द्वारा निवास के लधाटोला वार्ड में एक बड़ा जल संयंत्र सह टंकी निर्माणाधीन है जानकारी मिली है कि उक्त जल संयंत्र में अमगांव की नगरार नदी से जल लाया जाकर निवास की जानता को जल आपूर्ति की जायेगी।

अगर भविष्य में अमगांव ग्राम पंचायत भी दूषित राजनीति की शिकार हुई तब सरकार की जलापूर्ति मिशन को छोड़यि, निवास नगर के अपने दायरे में कोई भी बड़ा जलश्रोत नहीं है जिससे पीने के पानी की समस्या का स्थाई निदान किया जा सके।

### निवास के किसी भी वार्ड में पर्याप्त भूजल स्तर नहीं

निवास के सभी नल कूप जल स्त्रोतो के माध्यम से नगर वासियों को जलापूर्ति हो रही है, लेकिन शासकीय कार्यालय व अस्पताल अभी भी भारी जल संकट से जूझ रहे हैं और अस्पताल साहित पुलिस कॉलोनी में टेंकर से जलापूर्ति की जा रही है।

इस स्थिति में निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है की निवास नगर मुख्यालय की जनता को पर्याप्त जल मिल पाना अभी दूर की कौड़ी साबित हो रही है, क्योंकि जल से सम्बंधित जितनी भी महती मांगे अब तक की गईं हैं या जल परियोजनाओं को मूर्तरूप देने की कोशिस की गई हैं वे सभी मुँह के बल औंधी पड़ी हैं।





## खुले आसमान के नीचे हो रहे पोस्टमार्टम, जिम्मेदारों पर उठे सवाल



### आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मध्यप्रदेश के मंडला जिले की बिछिया विधानसभा एवं तहसील क्षेत्र में विकास की रफ्तार आज भी बेहद धीमी नजर आ रही है। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के अभाव का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 03 अप्रैल को ग्राम पंचायत करंजिया में तीन व्यक्तियों के शवों का पोस्टमार्टम खुले आसमान के नीचे किया गया। बताया जा रहा है कि डॉक्टरों द्वारा बिना किसी उचित भवन या पोस्टमार्टम कक्ष के, केवल चादर की आड़ लेकर यह प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान न तो आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था थी और न ही किसी प्रकार की सुरक्षित एवं सम्मानजनक प्रक्रिया का पालन किया गया।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। बिछिया तहसील में लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। अस्पतालों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम जैसी संवेदनशील प्रक्रिया का इस तरह खुले में किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार खुले में पोस्टमार्टम करना न केवल मृतकों की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि इससे संक्रमण फैलने का भी खतरा बना रहता है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।

घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में एक सुसज्जित पोस्टमार्टम कक्ष, पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और आदिवासी अंचल के लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया 47वां स्थापना दिवस

### प्रत्येक मंडलों में हुए कार्यक्रम सम्पन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय सहित मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का 47वा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय को एक दिन पूर्व ही आकर्षक लाइट एवं फूल-मालाओं से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से भाजपा कार्यालय एवं सभी मंडलों में देखा गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा विधिवत पार्टी ध्वज फहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और आतिशबाजी कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित एक विचारधारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 47 वर्षों के सफर में जनसेवा, सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज पार्टी का हर कार्यकर्ता 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात कर देश और समाज की सेवा में जुटा हुआ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कल्याण आश्रम में हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भारतीय जनता पार्टी, मंडल बिछिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कल्याण आश्रम, बिछिया में आयोजित हुआ। वर्ग की समयावधि 24 घंटे तथा कुल सत्र 08 में आयोजित रही। वर्ग में उपस्थित होने वाली अपेक्षित सूची में शक्ति केंद्रों के प्रमुख, मंडल कार्यकारिणी, मंडल के बूथ अध्यक्ष, मंडल के बूथ बी एल ए 2, मंडल/मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला के पदाधिकारी, मंडल में निवासरत कार्यसमिति सदस्य एवं निवासरत जनप्रतिनिधिगण रहे। वर्ग का प्रारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करते हुए हुआ, उसके बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत उपरांत मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट ने वर्ग कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। वर्ग के प्रारंभ का प्रथम सत्र ₹कार्य विस्तार की दृष्टि₹ पंडित सिंह धुर्वे द्वारा झल्लू लाल तेकाम की अध्यक्षता में लिया गया। द्वितीय सत्र सरकार की उपलब्धि रुचिराम गुरुवाणी द्वारा जवाहर साहू की अध्यक्षता में लिया गया। तृतीय सत्र पार्टी का इतिहास डॉ. विजय आनंद मरावी द्वारा कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में लिया गया।चतुर्थ सत्र सोशल मीडिया एवं एआई नमो एप संगठन ऐप शोभित रावत द्वारा यशवंत बजाज की अध्यक्षता में लिया गया तथा पांचवां सत्र प्रदेश सरकार की उपलब्धि बिजेंद्र सिंह कोकड़िया द्वारा दल सिंह यादव की अध्यक्षता में लिया गया। इस प्रकार वर्ग के प्रथम दिवस में पांच सत्र हुए तथा दिनांक 06 अप्रैल को द्वितीय दिवस के शेष तीन सत्र संपन्न हुए। द्वितीय दिवस सत्र के प्रारंभ के पूर्व भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस (06 अप्रैल 1980) सभी मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा मंडल कार्यालय में मनाया गया। इसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय (प्रशिक्षण महाअभियान 2026) वर्ग के द्वितीय दिवस के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों द्वारा पुनः भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करते हुए हुआ। उसके उपरांत छठवां सत्र बूथ प्रबंधन नीरज मरकाम द्वारा कमलू सिंह यादव की अध्यक्षता में लिया गया, सातवां सत्र हमारी कार्य पद्धति जयदत्त झा द्वारा मातृशक्ति श्रीमती गीता कोष्टा की अध्यक्षता में लिया गया तथा अंतिम आठवां सत्र वैचारिक अधिष्ठान डॉ. संजय कुशराम द्वारा मातृशक्ति श्रीमती गायत्री झरिया की अध्यक्षता में लिया गया। वर्ग के सभी सत्र पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम के अंत में वर्ग में सभी शक्ति केंद्रों के प्रमुख, मंडल कार्यकारिणी, मंडल के बूथ अध्यक्ष, मंडल के बूथ बी एल ए 2, मंडल/मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला के पदाधिकारी, मंडल में निवासरत कार्यसमिति सदस्य एवं निवासरत जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन संपन्न हुआ।

**विडम्बना** | **सड़क के बीच खड़े पोल-पेड़ के साथ ही कर दिया गया डामलीकरण।**

# नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे नगरपालिका व ठेकेदार

### बीच सडक़ खड़े बिजली के पोल, फिर भी जारी निर्माण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





शहर में विकास के नाम पर हो रहे कामों की हकीकत अब धीरे-धीरे सामने आने लगी है। ताजा मामला नेहरू स्मारक से बिंझिया तक बनाई जा रही करोड़ों रुपए की सडक़ का है जहां निर्माण कार्य में ऐसी लापरवाही बरती जा रही है जिसे देखकर हर कोई हैरान है। यह सडक़ सुविधा देने के बजाय अब लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सडक़ निर्माण के दौरान बीच सडक़ में खड़े बिजली के पोल को हटाए बिना ही डामरीकरण का काम कर दिया गया है। यानी सडक़ तो बना दी गई लेकिन खतरे को उसी जगह खड़ा छोड़ दिया गया। यह न सिर्फ तकनीकी नियमों का उल्लंघन है बल्कि सीधे तौर पर जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पूरा मामला सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित अनदेखी का परिणाम है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस काम में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। मौके पर न तो किसी इंजीनियर की नियमित निगरानी नजर आती है और न ही गुणवत्ता की कोई जांच की जा रही है।

### रात्रि में होते हैं हादसें

इस सडक़ पर दिन के मुकाबले रात में खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अंधेरे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन चालकों को बीच सडक़ में खड़े बिजली के पोल दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### तस्वीरों में साफ नियमों की अनदेखी

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह नियमों की अनदेखी करते हुए सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। सडक़ के बीचों-बीच खड़े बिजली के पोल किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। यह स्थिति साफ तौर पर दर्शाती है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।

### सीएम ने माना, नही हटाए है विद्युत पोल

जब इस मामले में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंन नाफड़े से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली के पोल हटाने के लिए विद्युत विभाग को पहले ही सूचना दी जा चुकी है और इसके लिए आवश्यक राशि भी जमा कर दी गई है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि अभी तक पोल नहीं हटाए गए हैं। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि जब तक बिजली के पोल नहीं हटाए गए तब तक सडक़ निर्माण का कार्य कैसे शुरू कर दिया गया क्या नियमों के तहत यह अनुमति है कि बाधाओं को हटाए बिना ही सडक़ तैयार कर दी जाए अगर नहीं तो फिर यह काम किसकी अनुमति से और किसके संरक्षण में किया जा रहा है?

### सरकारी धन का हो रहा बंदरवाट

समाजसेवी पंकज सोनी का कहना है कि किसी भी सडक़ निर्माण कार्य में पहले सभी बाधाओं को हटाना अनिवार्य होता है। इसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाता है ताकि सडक़ सुरक्षित और टिकाऊ बन सके। लेकिन मंडला में इस मूलभूत नियम को ही दरकिनार कर दिया गया है। यह पूरा मामला सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करता है। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई जा रही सडक़ अगर शुरुआत से ही खामियों से भरी है, तो यह साफ है कि गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। इससे यह भी आशंका जताई जा रही है कि कहीं इस पूरे प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार तो नहीं हुआ है।

### जायजा ले और निमार्ण कार्य रोके

मंडला में बन रही यह सडक़ अब विकास का प्रतीक नहीं बल्कि लापरवाही और सिस्टम की नाकामी का उदाहरण बन चुकी है। करोड़ों की लागत से बन रही इस सडक़ ने यह साबित कर दिया है कि अगर निगरानी और जवाबदेही न हो, तो विकास कार्य भी जनता के लिए खतरा बन सकते हैं। अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें निर्माण कार्य को रोका जाए और पहले सभी बाधाओं को हटाकर सुरक्षा मानकों के अनुसार काम पूरा कराया जाए। वरना यह सडक़ किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, और तब सिर्फ अफसोस के सिवा कुछ नहीं बचेगा।

### मामले की हो निष्पक्ष जांच

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा। वहीं यह भी सवाल उठता है कि क्या जिला प्रशासन इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेगा या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जमीन की बात को लेकर जेठानी ने देवरानी सहित सास को मारा पत्थर

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार एक महिला द्वारा अपनी जेठानी के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिनों की बात है जब मेरी सास सविया बाई घर के बाजू से लगे खेत मे बैठी थी। तभी जेठानी भागवती बाई आयी और जमीनी विवाद को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये सास से बोली की जमीन मुझे और दे नही तो मै तूझे गर्दन दबाकर मार दूंगी तथा सास को ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई। इस दौरान प्रार्थिया का लड़का राजेन्द्र कुशवाहा बीच बचाव करने पहुंचा तो उसको भी पत्थर मार दिया। इसी प्रकार से प्रार्थिया को भी ईट पत्थर मारते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया देवरानी की शिकायत पर आरोपी जेठानी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मिर्ची देने की बात को लेकर मारा धारदार हथियार

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ढाबा पर मिस्त्री का कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै राजपूत ढाबा झिकोली रोड साईखेडा पर मिस्त्री का काम करता हूं। वही मेरे साथ निक्की निवासी गाडरवारा भी लेवर का काम करता है। बीते हुये दिवस जब ढाबा पर काम कर रहा था और उस दौरान ढाबा पर ग्राहक बैठे थे। इस दौरान प्रार्थी ने निक्की से कहा ग्राहक को मिर्ची दे दो तो कहने लगा नही दूगा और इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये अपने हाथ में रखे हुये किसी तेज धारदार हथियार से मारपीट करते हुये प्रार्थी को चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक के हाथ की हड्डी टूटी

**गाडरवारा।** कभी कभी देखा जाता है कि होली की हुडदंग महंगी पड़ने के साथ साथ परेशानी का कारण बनने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई यहां पर भी देखने मिली है। घटना को लेकर नगर के विजय कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिनों जब वह पलोटन गंज से पैदल रूद्र मैदान के अंदर से घर वापस जा रहा था। उसी दौरान राजेन्द्र कहार पिता सुखराम कहार निवासी पुराना बिजली आफिस कामत वार्ड मिला और हुडदंग करते हुए प्रार्थी के ऊपर धूल मिट्टी फेकने लगा। जब प्रार्थी ने अपने ऊपर धूल डालने से मना किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई धक्का देते हुये जमीन पर गिरा जिया गया जिसके चलते प्रार्थी के हाथ की हड्डी टूटने के कारण पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पटैल वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर थी उसी समय सुमित नामक युवक आया और बोला तुम्हारा लड़का सूरज कहा है उसे बुलाओ तो प्रार्थिया द्वारा कहा की सूरज घर पर नही है। इसके बाद आरोपी द्वारा प्रार्थिया से शराब पीने के लिये पांच हजार रूपया की मांग की गई। प्रार्थिया द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने के चलते आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

### डंडा मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम महगंवा खुर्द निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब रात के समय वह अपने घर पर थी उसी समय गांव का आकाश चौधरी प्रार्थिया के घर पहुंचा और पुरानी बुराई को लेकर प्रार्थिया के पति को गंदी गंदी गालिया देने लगा। इस तरह गाली देने से जब प्रार्थिया द्वारा उसे रोका गया तो आरोपी द्वारा डंडा से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

बीते हुये दिनों हुई बारिश से गेंहू फसलों को पहुंची क्षति...

# बेमौसम हुई बारिश से किसानों की गेंहू सहित खेतों में बोई गई मूंग फसल पर फिर नजर आने लगा प्रकृति का ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रात दिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है। मगर इस साल ऐसा लग रहा था कि शायद प्रकृति उनका साथ दे देगी और उनकी माली हालत मेंसुधार हो जावेगा। मगर अन्नदाता की इस सोच को उस समय ग्रहण लगने से नही चूक पाया जब चल रहे बैशाख माह के दौरान प्रकृति ने जिस तरह सावन माह का रूवरूप धारण करते हुये दिखाई दे रही है उसके चलते बैमौसम बारिश ने किसानों की आंखों में फिर एक बार आंसू ला दिये। क्योंकि कभी गर्मी तो कभी ठंड व बारिश के त्रिवेणी संगम से जहां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है तो दूसरी ओर फसलों को भी क्षति पहुंचने से नही बच पा रही है। बताया जाता है कि वैसे भी देखा जावे तो इस समय अधिकांश किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसल कट चुकी है। मगर अनेक क्षेत्रों में किसानों की गेहू सहित अन्य फसलों की बोनी देर से हुई थी। जिसके चलते देरी बोई फसल अधिकांश किसानों की तैयार होकर खेतों में कटने के लिये खड़ी हुई है। जिन किसानों ने अपने खेतों मे गेंहू व चना को फसलों को काट लिया गया है और खेत खाली होने के बाद अपने खेतों में गर्मी की मूंग फसल की बोनी कर दी गई है। वही दूसरी ओर जिन किसानों की गेंहू फसल कट चुकी है। वही अधिकांश खेतों में ही पड़ी हुई है। मगर प्रकृति ने शुरू हुये बैशाख माह में जिस प्रकार सावन माह का रूप धारण करते हुय बारिश का दौर चल रहा है वह किसानो को बर्बाद करने से नही चूक रहा है।इस तरह बेमौसम अचानक हुई बारिश के चलते किसानों के खेतों में कटने के लिये तैयार खड़ी फसल बर्बाद होने से नही चूक पाई है। क्योंकि बीते हुये दिवस अचानक तेज आंधी के साथ हुई बारिश तथा अनेक जगहों पर ओले गिरने के चलते खेतों में खड़ी हुई गेंहू फसल की सूखी बाले टूट जाने के कारण गेंहू थाने बिखर गये है। वही जिन किसानों द्वारा अपनी फसलों को काटते हुये थ्रेशिंक के लिये रखा गया था। वह बारिश इनती तेज थी कि खेतों में पानी भरने के कारण गेंहू फसल की गठरिंया तैरते हुये नजर आने से नही चूक रही थी। वही दूसरी ओर जिन किसानों द्वारा गेंहू चना फसल को काटकर अपने खेतों में गर्मी की मूंग की बोनी कर दी गई है उन खेतों में अधिका पानी भर जाने के कारण वह फसल भी खराब होने से नही चूक पा रही है। इस तरह अन्नदाता द्वारा दिन रात एक करते हुये तैयार की गई गेंहू फसल भी खराब होने से नही बची है और खेतों में जिस तरह नई फसल के रूप में गर्मी की मूंग बोई गई है प्रकृति की मार से उसे भी बर्बाद करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इतना ही नही भले कि जिन किसानों की गेंहू फसल पहले कट चुकी है। मगर वह खेतों में पड़ी हुई रहने से खराब होते हुये देखी जा रही है। इस तरह प्रकृति की मार से अन्नदाता बेहाल होते हुये नजर आने से नही चूक रहा है। क्योंकि बीते हुये दिनों से जहां लगातार आसमान पर बादल छाये हुये तो दूसरी ओर मौसम विभाग भी लगातार आंधी बारिश व ओला गिरने की संभावना को लेकर अलर्ट करते हुये देखा जा रहा है। यदि बारिश का दौर इस तरह चलता रहा तो निश्चित तोर सभी का पेट भरने वाले अन्नदाता किसान को अपना व अपने बच्चों का पेट भरना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा। इसी के चलते चिंता के बीच किसानों की नजर आसमान पर जाकर टिक जाती है और उनकी रातों की नींद गायब होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते किसानों के खेतों में तैयार हो रही अन्य फसलों में इल्ली का प्रकोप दिखाई देना भी शुरू हो चुका है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब सारी परेशानियों को झेलने के बाद अन्नदाता किसानों द्वारा अपने खेतों में इस उम्मीद के साथ फसल की बोनी की जाती है कि शायद इस बार उनका भाग्य संभल जावेगा और प्रकृति साथ दे देगी। मगर जब खेतों में फसले तैयार होने लगती है तो प्रकृति का खेल इस प्रकार से देखने मिलता है कि अन्नदाता को वह चंद मिनिटों में बर्बाद करने से नही चूकता है ओर रात दिन एक करते हुये खून पसीना बहाने वाल माटी पुत्र की आंखों में सिर्फ आंसू ही नजर आते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से चल रहे चैत्र माह में जिस तरह लगातार बन बिगड़ रहे मौसम से क्षेत्र के किसानों को इस बात की चिंता सताने से नही चूक रही है। यदि प्रकृति का यही हाल बना रहा तो वह अपने बच्चों का भरण पोषण कैसे कर पायेगा? वही दूसी ओर देखा जावे तो जहां क्षेत्र का किसान प्रकृति की मार से जूझते हुये देखा जा रहा है। इस संबंध में जब क्षेत्र के किसानों से हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा की गई तो क्षेत्र के ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी युवा कृषक सुधीर कौरव के अनुसार इस वर्ष प्रकृति ने जिस प्रकार से खेल खेला गया है उसके चलते निश्चित किसानों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। क्योंकि चल रहा अप्रैल माह किसानों के लिये अपनी फसल तैयार करने के लिये प्रमुख माना जाता है। इस माह जहां किसानों के खेतों में फसलों की कटाई चलती है तो दूसरी ओर गर्मी में पैदा होने वाली फसलों की बोनी की जाती है। मगर प्रकृति जिस तरह बैशाख माह में सावन भादों के नजारे दिखा रही है उसके चलते अन्नदाता परेशान होने से नही चूक रहा है। इसी प्रकार से ग्राम भौरझिर निवासी कृषक तुलसीराम राठौर का कहना है कि इस समय किसानों की गेंहू सहित चना की फसले तैयार होने के कारण उनकी कटाई का काम चल रहा है। वैसे देखा जावे तो अनेक किसानों की फसल कट चुकी है तो अनेक लोगों की कटने का कार्य जारी है। मगर बीते हुये दिवस क्षेत्र में अनेक जगहों पर अचानक हई तेज बारिश के चलते जिन किसानों की गेहू व अन्य फसल खेतों में खड़ी हुई वह तेज हवा व बारिश क चलते बर्बाद होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर किसानों द्वारा अपने खेतों में गर्मी की मूंग बोई गई थी उन खेतों में अधिक पानी भरने के चलते वह भी खराब होने से नही बच पायेगी। वही ग्राम महगंवा कला निवासी कृषक राजाराम कौरव का कहना है कि इस समय हो रही बेमौसम बारिश के चलते अन्नदाता परेशान होने से नही चूक पा रहा है। प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के किसानो की फसलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार से ग्राम बांसखेडा निवासी युवा कृषक महेश पटैल का कहना है कि क्षेत्र का किसान मुश्किलों के प्रहार तो किसी तरह झेल लेता है। मगर मौसम की मार उसके लिए असहनीय होती है। पहले क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदा से पीडित हुआ है। इसके उपरांत क्षेत्र के किसानों ने बड़ी मेहनत से अपने खेतों में गेंहू, चना सहित अन्य फसलों को पैदा कर लिया है तो प्रकृति उन्हें बर्बाद करने से नही चूक रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि जो लोग अपने आपकों मंचों के माध्यम से किसानों का मसीहा कहने से नही चूकते है और जब किसान अपने खेतों में खराब हुई फसलों को देखकर आंसू बहाने के लिये मजबूर है तो किसानों के मसीहा गायब नजर आने से नही चूकते है।











## बीटीआई स्कूल के एनटीपीसी भवन में आयोजित हुआ विकास खंड स्तरीय पुस्तक मेला, अभिभावकों की उमड़ी भीड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा बच्चों को उचित दाम पर पुस्तक काफी उपलब्ध कराने की सोच के चलते जहां तहां पुस्तक मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये सोमवार को नगर के पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई) के पास बने हुये एनटीपीसी भवन में पुस्तक मेले का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। बताया जाता है कि इस पुस्तक मेले का शुभारंभ नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की विशेष मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव के आवला पार्षद सतीश कौरव सहित जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा की उपस्थिति में मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, नरेश कौरव, पार्षद पूजा तिवारी, सतीश कौरव,सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीईओ वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटैल, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, एस के मिश्रा, सुनीता पटैल, सुशील शर्मा, लेखा कौरव मौजूद थे। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नगर में पहली बार पुस्तक मेले का आयोजन का एक अभिनव प्रयास है। यहाँ अभिभावकों को रियायती दरों पर विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। यह बात जरूर है कि अभिभावक मेले में लगी हुई दुकानों पर पहुंच रहे है। मगर उन्हें स्कूलों की संपूर्ण पुस्तके उपलब्ध नही हो रही है। इसमें निराश होने की बात नही है जिस रेट पर दुकानदारों से मेले में पुस्तक विक्रय की जा रही है। इसी रेट पर वह अपनी दुकानों से भी करेगे। इसी प्रकार से जिला शिक्षा अधिकारी कुशवाहा मेले में पूरे समय उपस्थित रहे एवं उन्होने कहा कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य छात्र छात्राओं के लिए कम दामों पर सामग्री उपलब्ध कराना है। मेले में अतिथियों एवं अधिकारियों ने मेंले में पुस्तक विक्रय करने के लिये लगाए गए 20 स्टॉलों का लगातार भ्रमण करते हुये अवलोकन किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कलावती ब्यारे ने भी मेले का अवलोकन करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप अभिभावकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामाग्री उपलब्ध कराने पर बल दिया। मेले में ब्लाक स्तर पर पंजीकृत 555 स्कूली बच्चों के अभिभावकों को पुस्तकों पर 10 से 13 प्रतिशत तथा कॉपियों पर 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट प्रदान की गई। मेले में दुकानदारों को लगभग 4 लाख से अधिक की बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया कि वह आगामी समय में भी इसी तरह छूट देते रहेंगे। इस छूट का लाभ उठाते हुए अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में आये एक अभिभावक ने बताया कि मेले में उन्हें कम दामों पर सामग्री मिली। इस आकर्षक छूट के कारण मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। मेले के दौरान बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया, योगेंद्र झारिया, मधुसूदन पटैल, सिराज अहमद सिद्धिकी, लालजी कपाडिया, श्रद्धा राय, मुस्कान यादव, अमित पटैल सहित जनशिक्षक व शिक्षकों द्वारा पंजीयन का कार्य किया गया। इसके साथ ही श्रीमती अर्पणा ब्राउन ने माइक के जरिये पूरी व्यवस्था संभालते हुये नजर आई। वही राजेश दुबे, के के राजोरिया, प्रमोद राय, के बी कौरव, मनमोहन शर्मा, रिनी जैन, रोहित वाल्मीक,विवेक दीक्षित सूरज कहार, कंछेदी धानक, शिबम साहू, कपिल सराठे ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुये देखे गये।



## बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं, इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। वही लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है,क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा? इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं,पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।



## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है। वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यो में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शैड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेट फार्म का निर्माण किया गया है। मगर नगर की मंडी में अक्सर देखने को मिल रहा है कि रात्रिकालीन समय में सैकड़ो की संख्या में निजी ट्रक एवं अन्य वाहन वहां पर पार्किंग होते है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे जवाहर कृषि उपज मंडी परिसर में वाहन रखने के लिए गैरिज बनी हो? इसी के साथ मंडी के पीछे वाले क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई की दुकानदारी चल रही है जो बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर मंडी के अंदर गिट्टी का स्टाक रखते है पूरी मंडी में अनेको स्थानों पर गिट्टी का स्टाक देखा जा सकता है, बाबजूद इसके मंडी प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करता न ही वाहन मालिकों को वाहन खड़े करने की मना करता है जिससे मंडी प्रशासन की मिलीभगत का अंदेशा जान पड़ने लगा है? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि जब किसानों की भीड़ मंडी परिसर में होती है इसी दौरान यहां पर गिट्टी प्यापारियों के द्वारा ट्रेक्टरों से गिट्टी सप्लायी की जाती है जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ता है, मगर इसके बाद भी मंडी प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण लगातार मंडी की शाख को बट्टा लगते हुए देखा जा रहा है।

## सड़क पर बढ़ते वाहनों के दवाव से बन रहा खतरा, वायपास मार्ग की उठने लगी मांग

**हरिभूमि न्यूज/कौंडिया।** इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रही है, वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़िया में देखने मिल रही है, ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राज्य सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर वेखौप दौडतें वाहनों से छोटे बडे जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है। जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनते हुए देखी जाती है, वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमां प्रमुख रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो एवं मिनी बसो वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है..? ग्राम के बीचों से निकले मुख्यमार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी, क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है, वही ग्राम के अनेक बैको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। जबकि सड़क घटनाओं में अनेक लोगों की जाने भी जा चुकी है। ग्राम के अंदर आये दिन निर्मित होने वाली इस स्थिति को लेकर लोगों द्वारा ग्राम कौड़यिा के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है जिससे लोगों के यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### बाइक ने बाइक को मारी टक्कर

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हयु दिवस नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गाडरवारा से सांईखेडा अपनी मोटर साईकिल प्लेटिना से आ रहा था उसी दौरान सेठान तिरहा के पास सामने से आ रही मोटर साईकिल के चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चालते हुये टक्कर मारते चोटे पहुंचाई।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### संतोष यादव ने पुलिस चौकी अमरपुर में ग्रहण किया पदभार



अमरपुर। पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देशानुसार पुलिस चौकी अमरपुर में पदस्थ चौकी प्रभारी अतुल हरदहा सहायक उपनिरीक्षक का स्थानांतरण पुलिस चौकी विक्रमपुर किया गया। जिनके स्थान पर पुलिस चौकी प्रभारी विक्रमपुर संतोष यादव सहायक उपनिरीक्षक को अमरपुर पुलिस चौकी की कमान सौंपी गई हैं। जो विगत दिवस पुलिस चौकी अमरपुर में पदभार ग्रहण किया।

### अवैध रेत परिवहन और यातायात बाधित करने पर तीन वाहन जब्त प्रशासन की सख्त चेतावनी



डिंडौरी। जिले के शहपुरा अनुविभाग अंतर्गत मेहंदवानी दौरे के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऐश्वर्य वर्मा ने अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान एक ट्रॉली में अवैध रेत का परिवहन किया जाना पाया गया जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रॉली को जब्त कर लिया गया।इसके अलावा मेहंदवानी मुख्यालय में यातायात व्यवस्था बाधित करने का मामला भी सामने आया जहां एक बस और एक तूफान वाहन के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को भी जब्त कर थाना में खड़ा कराया और वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज परिवहन और यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें और यातायात नियमों का पालन करें।अनुविभागीय अधिकारी ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनिज गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए निरंतर निगरानी के साथ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई के तहत तीनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसे मामलों में जुर्माना जब्ती और आवश्यकतानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा स्थापना दिवस पर मानिकपुर मंडल में उत्साहए घर.घर लहराया पार्टी का झंडा



शहपुरा . शहपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाजपा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के तहत श्घर.घर भाजपाश अभियान चलाते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक घर पर भाजपा का झंडा लगाया और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की। गांव.गांव में पार्टी के प्रति उत्साह देखने को मिलाए जहां कार्यकर्ताओं ने झंडा लगाकर सेल्फी भी ली और इसे सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किया। इस आयोजन का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा आमजन तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना रहा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भाजपा के सिद्धांतों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे मानिकपुर मंडल क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### जिला चिकित्सालय में बाल हृदय कैंप आयोजित 56 बच्चों की जांच



डिंडौरी ।जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बाल हृदय कैंप का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशासन के निर्देशन और स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में किया गया।कैंप में जिले के सभी विकासखंडों से मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा चिन्हित जन्मजात हृदय रोग से संबंधित 56 बच्चों का पंजीयन कर उनका ईको परीक्षण किया गया जांच विशेषज्ञ हृदय रोग चिकित्सक द्वारा की गई।

# अंधे हत्याकांड का खुलासा दोस्त ही निकले कातिल, सुतली रस्सी से गला घोंटकर की थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुए अंधे हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद कर ली गई है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम देवरा और विचारपुर की सरहद पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।



डिंडौरी।

सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान मृतक की पहचान ग्राम देवरा निवासी गुलशन के रूप में हुई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना तेज कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया।जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के दिन मृतक को भाग सिंह और राकेश के साथ देखा गया था। संदेह के आधार पर दोनों से कड़ाई से पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने आपसी विवाद के चलते 2 अप्रैल की रात सुतली रस्सी से गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने शव को विचारपुर के पास खेत में छिपा दिया था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को 5 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सुतली रस्सी ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमांक एमपी 20 जेड बी 1051 तथा घटना के समय पहने गए कपड़े जब्त किए गए हैं।इस पूरे मामले का सफल खुलासा थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा किया गया जिसमें निरीक्षक केवल सिंह परते सहित पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



शहपुरा ।

भारतीय जनता पार्टी शहपुरा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस शहपुरा नगर में उल्लास के साथ मनाया शहपुरा नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित भगवान बिरसा मुंडा के स्मारक के समक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराकर भारत माता के जयकारों के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई इसके संस्थापक भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं लालकृष्ण आडवाणी थे पूर्व में यह जनसंघ पार्टी थी इसके संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे बाद में यह जनता पार्टी हुई फिर 6 दिसंबर 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई और भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेई को चुना गया और आज वर्तमान में यह विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरा है उक्त स्थापना दिवस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी जगह पार्टी का ध्वज फहराया एक दूसरे को शुभकामनाएं दी उक्त कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर श्वेता जैन महिला मोर्चा प्रदेश प्रतिनिधि गिरजा कारपेंटर पार्षद मीरा बनवासी सुरेंद्र साहू देवेंद्र बनवासी राजू अवधिया गोलू गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिंडौरी की बेटी चाँदनी नरेती ने कुश्ती में लहराया परचम रजत व कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



डिंडौरी जिले की प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ी चाँदनी नरेती ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स के तहत उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर सोमवार को डिंडौरी कलेक्टर ने उन्हें फूलमाला और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण के लिए खेल हॉल की मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को खाली भवन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि वे अपनी समस्याएं सीधे दूरभाष के माध्यम से साझा कर सकते हैं और खेल के क्षेत्र में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही बैडमिंटन कोर्ट की मांग पर भी कलेक्टर ने गंभीरता दिखाई और निर्माण एजेंसी को एक माह के भीतर नया कोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। चाँदनी नरेती ने दिल्ली में आयोजित नेशनल ट्रायल में भी रजत पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद खेलो इंडिया नेशनल गेम्स अंबिकापुर में 28 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।चाँदनी वर्तमान में शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हैं। वे ग्राम घेवरी विकासखंड अमरपुर की निवासी हैं। उनके पिता शिव प्रसाद नरेती और माता सुनीता नरेती हैं।उनकी इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के चेतराम अहिरवार आरती सोंधिया संतोषी यादव क्रीड़ा अधिकारी मो आमिर खान सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी परिजन और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## आजादी के 80 वर्ष बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

डिंडौरी ।

जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम चांडा में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शहडोल रायपुर स्टेट हाईवे स्थित चांडा तिराहे पर चक्का जाम कर अपनी पीड़ा को मुखर किया।सुबह से ही महिलाएं बुजुर्ग और मजदूर सड़क पर बैठ गए। किसी के हाथ में खाली बर्तन था तो कोई अपनी बकाया मजदूरी की मांग कर रहा था। आक्रोश और बेबसी के बीच हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने चार दिन पूर्व ही एसडीएम बजाग और थाना बजाग को अपनी समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन सुनवाई नहीं होने पर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।धरने में शामिल लोगों ने कहा कि मनरेगा की मजदूरी महीनों से लंबित है।



भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। संचार सुविधा नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा है और अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। बीमार होने पर कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है और कई बार रास्ते में ही हालत बिगड़ जाती है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पशु चिकित्सालय अधिकतर बंद रहता है। पंचायत भवन जर्जर स्थिति में है। एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं है और ग्राम पंचायत में स्थायी सचिव की भी नियुक्ति नहीं है। इन समस्याओं ने ग्रामीण जीवन को अत्यंत कठिन बना दिया है।मजदूरी का समय पर भुगतान नहीं होने से परिवारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बार बार गुहार के बाद भी समाधान नहीं मिला इसलिए उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।



## डिंडौरी में बसपा का संगठन विस्तार जफर सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष और खुर्शीद आलम बने जिला प्रभारी

शहपुरा

।शहपुरा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिले में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। पार्टी नेतृत्व ने जफर सिद्दीकी को जिला उपाध्यक्ष तथा खुर्शीद आलम को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।जफर सिद्दीकी की नियुक्ति उनकी कार्यकुशलता सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए की गई है। उनके पदभार संभालने से खासकर युवाओं में उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ताओं को संगठन में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं खुर्शीद आलम ने जिला प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जिले के हर क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।इसी क्रम में ग्राम जोगी टिकरिया में सदस्यता अभियान को गति देते हुए सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र कुमार झारिया खुशी आलम जफर सिद्दीकी अनीश खान अरबाज अहमद साबिर अली आशिक अली पूरब रेहान खान सोहेल सेन साहब और राजा मेहरा सहित कई लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्मी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी जिले में और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करेगी और अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा श्रवणपान कर रहे श्रद्धालु

शहपुरा। गुरु धाम तम्केश्वर आश्रम बरबसपुर मानिकपुर में भगत गिरी बच्चू महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया गया ।



दरअसल श्रीमद् भागवत कथा पुराण का वाचन पंडित मुकेश तिवारी कंचनपुर वाले के द्वारा किया जा रहा है । श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पंडित मुकेश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का शानदार वर्णन किया और कथा के दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई जहां श्रद्धालु नाचते हुए कथा का रसपान किया । गौरतलब है कि श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकी निकाली गई जहां भजनों के बीच श्रद्धालु नाचते हुए भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया और श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित

डिंडौरी ।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले में संचालित शासकीय योजनाओं विकास कार्यों और जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर जोर दिया गया विद्युत विभाग को पात्र किसानों की सूची तैयार कर आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद पंचायतों और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को नियमित निरीक्षण कर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए साथ ही प्रत्येक ग्राम में बैनर और चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शपथ दिलाने को कहा गया अग्निवीर भर्ती योजना के अंतर्गत 10 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी रहने की जानकारी दी गई पात्र अभ्यर्थी 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष आयु वर्ग के युवा आवेदन कर सकते हैं युवाओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई।मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए और स्पष्ट किया गया कि लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां घोषित की गईं 20 अप्रैल 2026 को बजाग 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी 7 मई 2026 को शहपुरा और 14 मई 2026 को अमरपुर में आयोजन होगा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क करने के निर्देश दिए गए

सभी अधिकारियों को टाइम लिमिट जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का दो दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए गए साथ ही बिना टैक्स जमा किए संचालित बसों पर कार्रवाई कर उन्हें जब्त करने और टैक्स जमा होने के बाद ही छोड़ने के निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग एनआरएलएम और नगर पालिका को निर्देश दिए गए कि सब्जी मंडी में प्रत्येक रविवार को जैविक और स्थानीय उत्पादों की दुकानें नियमित रूप से लगाई जाएं।

सभी अधिकारियों को आई गोट पोर्टल पर कम से कम चार घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गएबैठक में न्यायालयीन प्रकरण समग्र आईडी ई केवाईसी सीपी ग्राम पीएम जनमन योजना स्वच्छ भारत मिशन स्कूलों में शौचालयों की साफ सफाई नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई बंटवारा सीमांकन नामांतरण नक्शा तरमीम फौती नामांतरण फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली के लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए बैठक में अपर कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत एसडीएम संयुक्त कलेक्टर डिप्टी कलेक्टर सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कबाड़ गोदाम में लगी आग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार की अलसुबह जिला मुख्यालय के मुशरान वार्ड स्थित पटेल नगर की गली नंबर चार में सोमवार की सुबह एक भीषण हादसे की गवाह बनी। तड़के करीब 5:30 बजे एक कबाड़ गोदाम में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में संचालक को लाखों रुपये की चपत लगी है। गोदाम महमूद खान के स्वामित्व वाले भूखंड पर टीन शेड डालकर बनाया गया था, जिसे नीलेश पिता जानकी कोरी उम्र 34वर्ष किराए पर लेकर संचालित कर रहे थे। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया। करीब आधे घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभाला। कागज के गत्तों की अधिकता के कारण आग बुझाने में भारी परेशानी हुई, जिसके बाद नगर पालिका की जेसीबी मशीन बुलाई गई। जेसीबी से गत्तों को तितर-बितर कर पानी की बौछारें डाली गईं, तब कहीं जाकर सुबह 9 बजे तक स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। गोदाम संचालक नीलेश कोरी ने बताया कि रविवार को ही गोदाम में गत्ता बनाने की एक नई मशीन लगाई गई थी, जो इस आग की भेंट चढ़ गई। गोदाम में करीब 7 लाख रुपये के गत्ते जमा थे। नीलेश ने आशंका जताई है कि किसी स्थानीय व्यक्ति ने रंजिशवश जानबूझकर आग लगाई है। हालांकि, आग लगने के असली कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। राहत की बात यह रही कि आग सुबह के समय लगी जब हवा की गति कम थी। गोदाम के ठीक बगल में लकड़ी का एक बड़ा टाल और चारों तरफ घनी आबादी वाले मकान हैं। यदि आग समय रहते काबू न होती, तो पूरे मोहल्ले में बड़ी जनहानि और आर्थिक नुकसान हो सकता था। फिलहाल, पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर दिया धरना

### जिले में नेताओं के संरक्षण मे अवैध कार्यो का आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साथ समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने बताया कि जिले में भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध कार्य चल रहे हैं और गुंडा बदमाशों को संरक्षण मिला है। आज हमने भाजपा नेता पवन पटेल से मारपीट के मामले में विरोध प्रदर्शन किया है आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता पटेल सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं और धरने पर बैठ गईं।





### पत्र लिखकर रखी थी कार्रवाई की मांग

उक्त मामले को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने शनिवार को एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस से संतोषजनक जवाब न मिलने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। धरने के दौरान सुनीता पटेल ने आरोप लगाया कि पवन पटेल को बुरी तरह पीटा गया, लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने प्रेस नोट जारी किया, पर उनके पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। श्रीमती पटेल ने क्षेत्र में अवैध उत्खनन और डंपरों की आवाजाही को भी गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि गाडरवारा सहित जिले में लगातार हादसे हो रहे हैं, जैसे हाल ही में गांधी गांव में एक ट्रक घर में घुस गया, जिससे एक युवक की मौत हो गई थी।

### भाजपा नेताओं पर लगाया आरोप

उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह दिसंबर में भी पत्र लिखकर डंपरों के संचालन का समय निर्धारित करने की मांग कर चुकी हैं। साथ ही कहा कि भाजपा नेता अवैध कारोबार को संरक्षण देते हैं। पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता दीवान शैलेंद्र सिंह, लाखन सिंह पटेल, जिनेश जैन, संतोष पटेल, धनीराम पटेल, रोहित पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने मामले पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना 1 तारीख की दरमियानी रात पलोहा थाना क्षेत्र में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। शेष आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवक से मारपीट के बाद बढ़ी सरगर्मी

बीते दिनो गाडरवारा क्षेत्र मे युवक के साथ वेरहमी के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद उक्त घटना को लेकर राजनैतिक पारा भी गर्म हुआ। वही उक्त मामले मे पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कुछ अरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी बांकी है। पुलिस की कार्रवाई तथा भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कांग्रेसजनों द्वारा धरना देकर कार्रवाई की मांग रखी गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों द्वारा भाजपा नेताओं तथा सरकार पर भी अवैध कारोबार का अरोप लगाया। बताया गया कि पीड़ित द्वारा अवैध उत्खनन एवं सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहता था।

## कोलाहल नियंत्रण की मांग सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ध्वनि प्रदूषण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के पालन एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के परिपालन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों डीजे के नियंत्रित करने की मांग को लेकर अनेक संगठनों के साथ जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यह कि 5 अप्रैल को नरसिंह मंदिर प्रांगण में शहर और जिले के प्रबुद्ध नागरिकों जिसमें समस्त सामाजिक, व्यावसायिक, धार्मिक, राजनैतिक दलों एवं संगठनों के पदाधिकारीगण एवं प्रतिनिधियों की बैठक में एकमत होकर निर्णय लिया है कि ध्वनि प्रदूषण के संबंध में डीजे जैसे यंत्रों का उपयोग सामाजिक बुराई के रूप में सामने आया है जिससे उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड रहा है। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न आदेश पारित किए गए है एवं मध्यप्रदेश में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम पूर्व से ही लागू है एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा भी पूर्व में दिशा निर्देश जारी किए गए है जिसका पालन प्रशासन द्वारा नही कराया जा रहा है जिसका शक्ति से पालन कराया जाना आवश्यक है।





आदेशों के तहत रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध किया जाना आवश्यक है विगत दिनों एक धार्मिक जुलूस के दौरान अत्यधिक तेज ध्वनि से डीजे बजाने के कारण एक पूर्व पार्षद पटेल वार्ड सूरज साहू की हृदय गति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गयी है डी जे संचालक प्रतिस्पर्धा के चलते अत्यधिक तेज गति से डी जे बजाते हैं जिससे राहगीरों आमजनता के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड रहा है। तय सीमा से अधिक तीव्र डीजे जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज को नियंत्रित गति से बजाना सुनिश्चित किया जावें धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक कार्यों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वालों से नियमों के पालन के लिए लिखित सहमति ली जायें। नियम न मानने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावें जिससे अनुमति उपरांत ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में रखा जावें जिससे नियम एवं शर्तों का पालन हो सकें।

## अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय होटल में जिला समिति नरसिंहपुर का अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम इंजीनियर उमेश दुबे प्रांताध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, इंजीनियर एस आर बिलथरिया, इंजीनियर अशोक दुबे, इंजीनियर डी के गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य एवं इंजीनियर आर पी चैबे क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर की अध्यक्षता में अधिवेशन सम्पन्न हुआ। यू के गौतम पूर्व उप प्रांताध्यक्ष, निर्वाचन अधिकारी एवं सी एस दवे प्रांतीय सचिव, सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुव्यवस्थित रूप से निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। निर्वाचन मेंएल एल सोनी अध्यक्ष, एन के तिवारी सचिव एव ए डी शर्मा जी कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुये। आर एस शुक्ला, डी के साहू क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, सुरेश खरे, जिला अध्यक्ष जबलपुर, सतीश राय जिला सचिव जबलपुर, एल के डहेरिया ,मनीष बाजपेई , के सी कोरी , पेंशनर्स संघ के एस के चतुर्वेदी एवं नरसिंहपुर जिला समिति के सभी सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति में अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम धूमधाम से सानंद सम्पन्न हुआ।

## किसानों के प्रति सरकार का रवैया उदासीनः किसान संघ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खेत खलियान किसानों की समस्याओं के निदान करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। किसान संघ ने ज्ञापन में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। सरकार किसानों आय दो गुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही कृषि कल्याण वर्ष मना रही है। सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत व्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज एवं 14 प्रतिशत दंड लग गया इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्यों कि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीब 10 अप्रैल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पेसे कहा से जमा करेंगे ऐसे में करीब 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए हैं पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसार्नी को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। नरसिंहपुर जिले की सभी शुगर मिलो पर किसानो का करोड़ो रूपया का



भुगतान बकाया है। जिला प्रशासन को के मध्य से बार बार अवगत कराने के बाद भी गन्ना किसानों का भुगतान न होने के कारण अपने पुत्र पुत्रियों के विवाह जैसे अनेको पारिवारिक दायित्व की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। सभी किसानो का गन्ना अधिनियम अनुसार एक मुश्त व्याज सहित भुगतान कराया जाये। गेहूँ के खापे पराली जलाने पर किसानों पर एफ आई आर करना ब गलत है। अन्नदाता को जेल भेजना एवं अर्थदंड लगाना ठीक नहीं है।किसानों के देशद्रोही जैसा व्यवहार किया जा रहा है जो इस देश को अन्न उत्पादन कर देता है । इस बार किसानों ने मेहनत से मध्य प्रदेश में गेहूँ का बंपर उत्पादन हुआ है सरकार को 11 क्विंटल प्रति विघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए। शासन प्रशासन को जानकारी है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी प्रतिवर्ष होती है तब भी बारदान की व्यवस्था नहीं होना शासन की अक्षमता तथा घोर लापरवाही है। जिसका दण्ड किसानों को भुगतना पड़ रहा है जिम्मेदारों को चिन्हित करके कार्यवाही होना चाहिए। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन सरकार शीघ्र शुरू करे।

## हर्ष पटेल शक्ति पीठ में हुए सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ पीठ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में संपन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गायत्री परिवार तेंदूखेड़ा के अंतर्गत शासकीय विद्यालय भामा के कक्षा आठवीं के छात्र हर्ष पिता राघवेंद्र सिंह लोधी ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।जिसे भोपाल शक्ति पीठ में प्रमाण पत्र और तीन हजार रुपए नगद राशि से छात्र हर्ष और उसके पिता को सम्मानित किया गया ।साथ ही आदर्श शिक्षिका श्रीमती प्रतिमा शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए सभी वरिष्ठ परिजन जिनमें प्रेमचंद शाक्य परीक्षा प्रभारी रामसनेही शर्मा सर्वोत्तम शर्मा अशोक नेमा रामशंकर वर्मा मंजू श्रीवास्तव हेमलता शर्मा भारती कौरव कल्पना चौकसे रिद्धी श्रीवास्तव अविनाश बेलाकर मुकेश पटैल वृंदावन पटैल रामकुमार ठाकुर आर पी सिंह राजेश कौरव विनोद श्रीवास्तव गीताप्रसाद रामनारायण अवधेश राजकुमारी कौरव डॉ एन एस पटैल श्रीकांत गुप्ता वीरेंद्र पटेल द्वारका सोनी हरिओम वर्मा लक्ष्मी नारायण केवट शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप हो आचरण व व्यवहारः रामस्नेही



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी ही धूम धाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस यह कार्यक्रम जिले की चारों विधानसभाओं के 22 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर बूथ कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक द्वारा भाजपा का ध्वज फहराकर भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि आज के ही दिन 1980 में पं. अटल बिहारी बाजपेयी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा मुम्बई अधिवेशन में पार्टी की स्थापना की गई थी उस समय बोया गया विचारधारा की बीज आज विशाल वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो गया है। यह सब कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी हित में किए गये कार्य का ही परिणाम है आज देश के साथ ही अधिकतम राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं जो यह बतलाता है कि भाजपा जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने के साथ ही अपनी वैचारिकता को घर घर पहुंचा रही है। आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। जहां लाखों नही करोड़ों कार्यकर्ता देश हित में कार्य कर रहे हैं। लगातार सरकार में रहने के कारण हमारी समाज के प्रति जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं अतः सभी कार्यकर्ताओं को यह प्रण लेना चहिए कि हमारा आचरण, व्यवहार व नीति भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप हो। कार्यक्रम को पूर्व रास सांसद कैलाश सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज सहित अन्य द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव व आभार नरसिंहपुर नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा ने किया इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, मंडल पदाधिकारी, पार्षद गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, योजनाओं की समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी भ्रमण करेंगे और इसकी जानकारी गूगल फार्म में भरकर उपलब्ध कराएंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने हर घर नल जल योजना एवं जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत पेयजल की उपलब्धता, जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।

## बेटियां दो कुलों की पहचान और संस्कारों की जननी

**तेंदूखेड़ा** बेटियां दो कुलों की कीर्ति को बढ़ाती है इन्हें कमल कीर्ति भी कहा जाता है।आदि पुराण में गर्भ धारण करने से लेकर निर्वाण तक 53 क्रियायें बताई गई है। जिसमें अच्छे विचारों से लेकर भोजन रहन सहन अच्छे चल चित्र देखने अच्छा सात्विक भोजन धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण में रहने धर्म कर्म करने का महत्व बताया गया है।उसी आधार पर गर्भवती महिलाएं बनने पर अपनी संतानों को संस्कारवान बनाती है।मातायें ही संस्कारों की जननी है। इसलिए उसे कमल कीर्ति भी कहा जाता है उक्ताशय के विचार दस दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन के दौरान ब्रह्माचारी नरेश भैया के द्वारा प्रवचन के दौरान व्यक्त किए गए।4 अप्रेल से 13 अप्रेल तक चलने वाले इस महायज्ञ को लेकर दिगम्बर जैन मंदिर से ग्राम के मुख्य मार्गों से विशाल मंगल कलश यात्रा के साथ महामंडल विधान का श्रीगणेश हुआ।



विधानाचार्य ब्रह्मचारी नरेश भैया के मंगल सानिध्य में सुबह श्री जी का अभिषेक शांतिधारा पूजन तथा शाम को सागर से आई संगीत पार्टी के द्वारा श्रीजी की महा आरती एवं भैया जी के प्रवचन हो रहें हैं। दिगम्बर जैन समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन इंद्र इंद्राणियों एवं समस्त जैन समाज द्वारा श्री की आराधना पूजन की जा रही है।इस वृहद आयोजन में सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ सर्व समाज उपस्थित हो कर धर्म लाभ ले रहे है।

### इन्हें मिला सौभाग्य

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में प्रथम दिवस 8 अर्ध एवं द्वितीय दिवस 16 अर्ध चढ़ाए गए। इसी क्रम में 8 दिन लगातार अर्ध चढ़ाए जाएंगे। इस महाआयोजन में मुख्य पात्र सौ धर्म इंद्र सिंघई अशोक मीरा जैन कुबेर इंद्र सिंघई दीपक प्रीति जैन मैना सुंदरी सिंघई अंकित नम्रता जैन महायज्ञ नायक सिंघई राजकुमार आभा जैन यज्ञ नायक सिंघई कोमल चंद्र श्रीमती मुन्नी जैन एवं सामान्य इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## भाजपा नेता के साथ हुई मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**तेंदूखेड़ा** अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाना पलोहा क्षेत्र के अंतर्गत विगत 2 अप्रैल को अर्धरात्रि में लगभग साढ़े 12 दिव्या वेयर हाऊस के पास कच्चा मार्ग गाडरवारा रोड पलोहा में भाजपा नेता पवन पटैल पर एक सफेद वोलेरो कार से चार व्यक्ति निकले जो चेहरे पर नकाव पहने थे। दो व्यक्तियों द्वारा उसके हांथ पकड़े एवं दो व्यक्तियों द्वारा वेसवाल के डण्डे से पैर में घुटने के नीचे मारपीट कर चोट पहुंचायी एवं प्राण घातक हमला किया गया था। इस घटना को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में रोष व्याप्त है । जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया है और आरोपियों को शीघ्र पकड़े जाने को लेकर पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने भी पवन पटेल की और से अपराध क्रमांक 36/26 धारा 296 बी 115(2) 351 (3) 3 (5) 109 (1) बी एन एस पंजीबद्ध किया गया था।अपराध की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक टी



तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की गयी। विवेचना के दौरान घटना स्थल के सीसीटीव्ही फुटेज पीएसटीएन डाटा सीडीआर एवं मुखविर सूचना के आधार पर संदेही आशीष सिंह उर्फ रूद्रप्रताप सिंह चौहान सोनू सिकरवार से पूछताछ की गयी जिन्होंने वताया कि रूद्रप्रताप सिंह चौहान का पवन पटैल के साथ विगत 15 दिवस से किसी विषय को लेकर विवाद चल रहा था ।सबक सिखाने के उद्देश्य से पवन पटेल पर आरोपी रूद्र प्रताप और सोनू सिकरवार ने मोनू सिकरवार और अन्य तीन साथियों के माध्यम से पवन पटैल का पीछा कराकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया जो गंभीर रूप से आवश्यक चिकित्सा के लिए भर्ती है। पुलिस भी उक्त घटना को लेकर आरोपियों को पकड़ने की दिशा में सजग बनीं हुई थी तथा घटना कारित करवाने वाले रूद्र प्रताप और सोनू सिकरवार को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं अन्य चार आरोपियों की स्पेशल टीम के द्वारा तलाश एवं गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा किशोर वामनकर थाना प्रभारी पलोहा बी.एल. त्यागी चौकी प्रभारी सीहोरा उनि विजय पाल सउनि शशांक दुबे सउनि राकेश दीक्षित प्रधानआरक्षक संजय शाह आरक्षक वहादुर आरक्षक नारायण मराबी आरक्षक गौरीशंकर लोधी की मुख्य भूमिका रही।

## चलती ट्रेन में रेल अधिकारी को हार्ट अटैक, 108 कर्मियों ने बचाई जान

**गोटेगांव।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे नरसिंहपुर वन विभाग के अधिकारी गोपाल प्रसाद पटेल को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और वे कोच डी2 में बेहोश हो गए।ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने तुरंत 108 सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस पायलट मिथुन और ईएमटी शोभाराम मौके पर पहुँचे। स्थानीय नागरिक टकचद और आनद कस्तवार के सहयाग स मराज का एबुलस म शिफ्ट किया गया।अस्पताल ले जाते समय कर्मचारियों ने लगातार सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया, जिससे उनकी सांसें वापस लौट आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर रेफर किया गया।समय पर मिली चिकित्सा सहायता से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।



## गैस सिलेंडर होम डिलीवरी से उपभोक्ताओं को राहत

**गोटेगांव।** नगर की जेपी गैस एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एजेंसी प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है। उपभोक्ताओं को अब बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही गैस सिलेंडर प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है।एजेंसी संचालक ने बताया कि भारत पेट्रोलियम द्वारा नियमित रूप से गैस की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी




की स्थिति नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें और केवल आधिकारिक माध्यमों का ही उपयोग करें, ताकि समय पर सुरक्षित एवं व्यवस्थित डिलीवरी सुनिश्चित हो सके।एजेंसी प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और होम डिलीवरी सेवा लगातार जारी रहेगी।

### कांग्रेस मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**गोटेगांव।** गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं।यह नियुक्तियां:प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारीपूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापतिजिला अध्यक्ष सुनीता पटेलकी अनुशंसा पर संगठन मंत्री डॉ. संजय कामले द्वारा की गई हैं।प्रमुख नियुक्तियां:हरपाल सिंह राजपूत – गोटेगांव शहरशंकर सिंह राजपूत – हरदौल मंडलकैलाश झारिया – गांधी मंडलजितेन्द्र राय – बगासपुरसंतोष अग्रवाल – श्रीनगरनीरज पांडे – उमरियाअवधेश आर्य – लाठगांवअजय सिंह – भडरीदेवीदास महंत – झासीघाटअभिषेक दुबे – चंदली(सहित अन्य कई क्षेत्रों में नियुक्तियां की गईं) इन नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## 'स्टीम ग्लोबल स्कूल की मान्यता हुई समाप्त' 'अधिकारियों ने चस्पा किए नोटिस'

सोमवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बी आर सी चांवरपाठा के द्वारा तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 06 में संचालित स्टीम ग्लोबल स्कूल की मान्यता समाप्त कर दिये जाने संबंधी आदेश जारी करते हुए स्कूल परिसर में नोटिस चस्पा किए गए हैं।

**तेंदूखेड़ा।** हमारे प्रतिनिधि को आरटीई पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेम ग्लोवल पब्लिक स्कूल तेन्दूखेडा पी एस 62957 डाइस कोड 23400622902 की मान्यता 31मार्च 2025 तक थी। जिसका नवीनीकरण कराने के लिये आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किया गया किन्तु विद्यालय में मान्यता नवीनीकरण हेतु तय आरटीई के मापदंड पूर्ण न होने के कारण मान्यता नवीनीकरण की अनुशंसा नही की गई है। अतः आरटीई अधिनियम मान्यता 2009 के अनुसार नवीन शिक्षा सत्र 2025.26 में विद्यालय को संचालित नही कर सकेगें और न ही किसी कक्षा में बच्चों को प्रवेशित कर सकेंगे। इस सत्र में विद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी कर निकटतम विद्यालय में प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। जिससे अध्यनरत विद्यार्थियों को इस सत्र में वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित कराया जा सकें।